आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.11.2024  समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

- संविधान दिवस पर आज संसद में कार्यक्रम का आयोजन,राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया संबोधित।
- राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने सवंधिन दिवस पर प्रदेशवासियों से कार्यो में संवैधानिक नैतिकता का पालन करने का किया आव्हान।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भुसावल-खंडवा सहित तीन रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लंदन में निवेशकों के साथ किया संवाद।

राष्ट्रपति-संविधान दिवस

संविधान दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली के सेन्ट्रल हॉल ऑफ संविधान सदन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसको संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम ने महिला शक्तिकरण के नए युग को सृजित किया है।
कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोगों की वर्षों की तपस्या, बलिदान, प्रतिभा और शक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश की भौगोलिक और सामाजिक विविधताओं को एक सूत्र में बांधने के लगभग तीन वर्षों के कठिन कार्य के बाद संविधान तैयार किया गया था।
बाईट- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष

संसद में आयोजित इस कार्यक्रम में उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अंगीकार की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। संस्कृत और मैथिली भाषाओं में संविधान जारी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आर्ट  ऑफ कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया को समर्पित एक बुकलेट का भी अनावरण किया गया।  इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, लोक सभा और राज्य सभा में विपक्ष के नेता, सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भागीदारी की।

संविधान दिवस- प्रदेश

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने संविधान के अंगीकरण के 75 साल पूरे होने के अवसर पर प्रदेशवासियों का आवाहन किया है कि संविधान दिवस पर अपने सभी कार्यों में संवैधानिक नैतिकता के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सत्यनिष्ठा के साथ दोहराएं। राज्यपाल आज भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। आज से जिला स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया है। धार जिले में 75 वां राष्ट्रीय संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। आयुर्वेद चिकित्सालय में कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना पढ़ने और इसके महत्व पर चर्चा के साथ हुई। बड़वानी में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न बौद्धिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्वालियर जिले में भी उत्साह व उमंग के साथ “हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान” अभियान आयोजित हो रहा है। जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों सहित जगह-जगह भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों से भी कार्यक्रम आयोजित किये जाने के समाचार मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री संविधान दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस पर लंदन में डॉ. बी.आर. अंबेडकर हाउस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संविधान से संबंधित कार्यक्रम चार स्तंभों पर आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस है। यह दिवस देश में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आज डॉक्टर कुरियन की 103वीं जयंती के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में देश की अर्थव्यवस्था और पोषण सुरक्षा में डेयरी क्षेत्र के योगदान को प्रदर्शित किया जा रहा है।

भारत का अगले 10 वर्षों में विश्व में उत्पादित कुल दूध का एक तिहाई उत्पादन करने का लक्ष्य है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के प्रबंध निदेशक जयेन महेता ने कहा कि अमूल महासंघ इस लक्ष्य के लिए बड़ी भूमिका निभाने का संकल्प लेकर चल रहा है और अमरीका के बाद यूरोप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अमूल तैयार है।

रेल परियोजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल प्रदेश से जुड़ी भुसावल-खंडवा के बीच तीसरी और चौथी रेल्वे लाइन की 131 किलोमीटर की परियोजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने कुल 7 हजार 927 करोड़ रूपये की तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जिसमें जलगांव से मनमाड के बीच 160 किमी की चौथी लाइन, और प्रयागराज से मानिकपुर के बीच 84 किमी की तीसरी लाइन भी शामिल है। इस संबंध में आज भोपाल रेल मंडल में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल पत्रकार वार्ता में विस्तार से जानकारी दी। परियोजना से

खंडवा और चित्रकूट जैसे 2 आकांक्षी जिलों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे लगभग 1 हजार 319 गांवों और करीब 38 लाख आबादी को लाभ मिलेगा साथ ही त्र्यंबकेश्वर, ओंकारेश्वर और काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंगों के साथ-साथ प्रयागराज, चित्रकूट, गया और शिरडी जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को लाभ होगा।

इस बारे में और जानकारी भोपाल मंडल के डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने आकाशवाणी को दी...

देवाशीष त्रिपाठी, डीआरएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इन 3 मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे 3 राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के 7 जिलों को फायदा होगा।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में आर्टिकल 370 फिल्म के निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि इस महोत्सव में उनका अनुभव बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने गोल्डन पिकोक पुरस्कार जीतने के बारे में भी आशा व्यक्त की। आज समारोह में आयोजित महोत्सव के मास्टरक्लास सत्र में सोनू निगम, शाहिद रफी, सुभाष घई और अनुराधा पौडवाल हिस्सा ले रही हैं।

मुख्यमंत्री निवेशक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। हर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज अपनी यूके यात्रा के दौरान लंदन में एनआरआई समूह "फ्रेंड्स ऑफ मध्य प्रदेश" और प्रवासी

समुदाय के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार है।

समाचार संक्षेप में ...

- अशोक नगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने आज जनसुनवाई को दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदकों की समस्याओं के निर्देश मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए।
- राजगढ़ जिलें में खेलो एपमी यूथ गेम्स 2024 के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने 2 दिसम्बर को जिला पंचायत में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया है। बैठक में जिले के विकासखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी।
- मंदसौर में महिल□सशक्तिकरण और सम□ज मे जेंडर सम□नत□ल□ने के लिए आज जनपद पंच□यत मंदसौर, मल्ह□रगढ़, सीत□मऊ, गरोठ एवं भ□नपुर□में जनप्रतिनिधियों के म□ध्यम से लोक अधिक□र केंद्रो क□उद्‌घ□टन किय□गय□
- नीमच में हम होंगे कामयाब पखवाड़े के तहत राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु आर्य और सायबर सखी सुश्री शिल्पा चांचोलकर ने शासकीय पी.जी.कॉलेज में आज एक कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी।

मुख्य समाचार एक बार फिर....

- संविधान दिवस पर आज संसद में कार्यक्रम का आयोजन,राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया संबोधित।
- राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने सवंधिन दिवस पर प्रदेशवासियों से कार्यो में संवैधानिक नैतिकता का पालन करने का किया आव्हान।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भुसावल-खंडवा सहित तीन रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- और
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लंदन में निवेशकों के साथ किया संवाद।